केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 अलवर

खेल-कूद विभाग की वार्षिक प्रतिवेदन

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 अलवर के द्वारा सत्र 2022-23 में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसका विवरण इस प्रकार से है |

<u>विद्यालय स्तर परः-</u>

सत्र 2022-23 के दौरान विभिन्न अंतर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जैसे वॉलीबॉल खो-खो, बास्केटबॉल, कबड्डी,क्रिकेट, 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, 4x400 मीटर रिले दौड़, गुब्बारा दौड़, बोरा दौड़ एवं नींबू चम्मच दौड़ इन प्रतियोगिताओं में विद्यालय के कुल 614 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

<u>संभाग स्तर परः-</u>

संभाग स्तर पर सत्र 2022-23 के अंतर्गत संभाग स्तर पर आयोजित विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिताओं में विद्यालय के कुल 160 छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया एवं विभिन्न उपलब्धियां प्राप्त की गई। खो-खो आयु वर्ग-14 छात्र टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। खो-खो आयु वर्ग 14 छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक प्राप्त किया । हॉकी आयु वर्ग -14 छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक प्राप्त किया। योगा आयु वर्ग -14 एवं 17 छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक प्राप्त किया। स्केटिंग आयु वर्ग-14 छात्र वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किए। तैराकी आयु वर्ग -17 छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करके एक स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बॉक्सिंग आयु वर्ग-17 छात्र वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ताइक्वांडो आयु वर्ग -17 में छात्रा वर्ग में एक स्वर्ण पदक प्राप्त किया। एथलेटिक्स आयु वर्ग-17 तथा 19 में छात्र वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। एथलेटिक आयु वर्ग -14 व 19 में छात्रा वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। हॉकी आयु वर्ग-15 छात्र वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। स्केटिंग आयु वर्ग 14 छात्र वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। बॉक्सिंग आयु वर्ग- 17 छात्र वर्ग में एक रजत पदक प्राप्त किया तैराकी आयु वर्ग-17 छात्रा वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। एथलेटिक्स आयु वर्ग 17 एवं19 में छात्र वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। एथलेटिक्स आयु वर्ग 19 छात्र वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। ताइक्वांडो आयु वर्ग 17 छात्र वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया इस प्रकार प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए कुल स्वर्ण पदक 52 रजत पदक 20 तथा 6 कांस्य पदक प्राप्त किए गए केंद्र विद्यालय अलवर के छात्र छात्राओं ने कुल 78 पदक इन प्रतियोगिताओं में प्राप्त किए तथा आयु वर्ग 17-छात्र टीम ने रीजनल स्पोर्ट्स मीट में पहला स्थान प्राप्त किया एवं कुल 61 छात्र छात्राओ का राष्ट्रीय स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं हेतु चयन किया गया |

<u>राष्ट्रीय स्तर पर</u> :- सत्र 2022- 23 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में विद्यालय के कुल 61 छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया इस प्रतियोगिता में विद्यालय की आयु वर्ग 14 वर्षीय बालिका वर्ग की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं विद्यालय के छात्र अभिषेक ने पंद्रह सौ मीटर एवं 6 किलोमीटर क्रॉस कंट्री रेस में स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया छात्र केशव शर्मा बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान पर रहे छात्रा शबाना ने 3 किलोमीटर क्रॉस कंट्री रेस में कांस्य पदक जीतकर तृतीय स्थान प्राप्त किया छात्रा लावण्य तिवारी ने ताइक्वांडो में कांस्य पदक जीतकर तृतीय स्थान प्राप्त किया इस प्रकार से राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने कुल 19 स्वर्ण पदक तथा दो कांस्य पदक प्राप्त किए